कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-14.08.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त संदीप थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा जिला बाराबंकी से गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-162/2024 धारा 363/504 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र रमेश निवासी बसौली चौकी सूरजगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी को आज दिनांक-14.08.2024 को समय करीब 08.00 बजे अभियुक्त के घर बसौली चौकी सूरजगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-24.04.2024 को वादिनी मुकदमा ने प्रतिवादी/अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिग ननद, उम्र करीब 16 वर्ष को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर मे मु0अ0सं0-162/2024 धारा 363/504 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 मनोज राजपूत द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संदीप पुत्र रमेश निवासी बसौली चौकी सूरजगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश, उम्र करीब 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

नाबालिग अपहृता/पीड़िता उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

अभियुक्त के घर बसौली चौकी सूरजगंज थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी से, दिनांक-14.08.2024 को समय करीब 08.00 बजे।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 मनोज राजपूत थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. म0उ0नि0 खूशबू सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. का0 बलराम वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।